हरिभूमि
विराट भूमि
जबलपुर, बुधवार 20 दिसंबर 2023
login : www.haribhoomi.com
शहडोल | बुढ़ार | धनपुरी | ब्यौहारी | जयसिंहनगर | बाणसागर



## खबर संक्षेप

### पटोरी में निकाली गई विकसित भारत संकल्प यात्रा

**शहडोल।** विकसित भारत संकल्प यात्रा आज शहडोल जिले जनपद पंचायत गोहपारू के ग्राम पंचायत पटोरी में जनप्रतिनिधियों की अगुवाई में निकाली गई। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान पटोरी में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिया गया। शिविर में योजनाओं के लाभार्थियों ने अपने अनुभव साझा किये। साथ ही प्रचार रथ द्वारा प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का उदबोधन, योजनाओं की जानकारी एवं योजनाओं से संबंधित चलचित्र प्रदर्शित किये गए।

### पपौंध में निकाली गई विकसित भारत संकल्प यात्रा, वितरित किये गए हितलाभ

**शहडोल।** जिले के ब्यौहारी जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत पपौंध में विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली गई। विकसित भारत संकल्प यात्रा का स्वागत स्कूली छात्राओं द्वारा स्वागत गीत गाकर किया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रभा मिश्रा एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व नरेन्द्र सिंह धुर्वे सहित अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा योजनाओं के लाभांवित हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया गया। साथ ही प्रचार रथ के माध्यम से योजनाओं के बारे में लोगों को जागरूक किया गया तथा जो पात्र व्यक्ति योजनाओं का लाभ लेने से वंचित रह गए हैं इस यात्रा में उन्हें योजनाओं का लाभ दिलाया भी दिया गया।

### फायरिंग रेंज के 5 किलोमीटर की परिधि में प्रवेश निषेध

**शहडोल।** अनुविभागीय दण्डाधिकारी सोहागपुर श्रीमती प्रगति वर्मा ने बताया कि सोहागपुर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम कंचनपुर में स्थित फायरिंग रेंज में 26 दिसम्बर से 29 दिसम्बर तक सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक फायरिंग अभ्यास किया जायेगा। फायरिंग रेंज में फायरिंग अभ्यास स्वतंत्र एवं भयमुक्त हो इसके लिए फायरिंग रेंज के चारो तरफ 05 किमी की परिधि में नागरिकों तथा पशुओं प्रवेश निषेध रहेगा।

### उचित मूल्य दुकान का कलेक्टर ने किया निरीक्षण



**उमरिया।** कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने मानपुर जनपद पंचायत के ग्राम सुखदास की शासकीय उचित मूल्यक दुकान का औचक निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान उन्होने उपभोक्ताओं से दुकान खुलने का समय, पात्रता अनुसार राशन मिलने आदि के संबंध में चर्चा की। जिस पर उपभोक्ताओं व्दारा कहा गया कि समय पर राशन दुकान खुलने के साथ ही पात्रता अनुसार गेहूं, चावल, नमक का वितरण किया जा रहा है। उचित मूल्य की दुकान से 876 राशन कार्डधारियों को राशन का वितरण किया जा रहा है । 18 दिसंबर को 90 लोगों को राशन वितरित किया गया।

## किसानों से चोरी छुपे धान खरीदी के मामले में जब्त हुई धान

# गुप्ता ट्रेडर्स के पुरूषोत्तम डाल रहे किसानों के हक पर डाका

सरकार की समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का लाभ बिचौलिए और खाद्य माफिया डकारने में लगे हैं, खरीदी केन्द्रों से सांठ-गांठ कर बुढ़ार के गुप्ता ट्रेडर्स के संचालक निर्धारित मूल्य से कहीं कम पर बिचौलिए राज कुमार के माध्यम से किसानों के घर से धान संग्रहित कर रहे थे, जिस पर कलेक्टर ने जानकारी के बाद कार्यवाही के निर्देश दिये, फिलहाल धान वाहन सहित थाने में भेजी गई है।

### खाद्य माफिया पर गाजः कलेक्टर के निर्देश पर हुई कार्यवाही







शहडोल। काश्तकारो को सीधे लाभ पहुंचाने की शासन की मंशा बिचौलिए और मण्डी का लायसेंस बनाकर कारोबार करने वाले माफिया डकारने में लगे हैं, मंगलवार को नगर परिषद बकहो के वार्ड नंबर 4 में बुढ़ार के राज कुमार गुप्ता के द्वारा समर्थन मूल्य से कम में धान खरीदी बिना किसी दस्तावेजों और समझौते पत्रक के की जा रही थी, जिसे बाद में राज कुमार या किसी अन्य के नाम पर गुप्ता ट्रेडर्स के संचालक पुरूषोत्तम गुप्ता और उसके पुत्र के द्वारा दर्शाकर खरीदी केन्द्र में बेचा जाना था, लेकिन इसी बीच शहडोल कलेक्टर श्रीमती वंदना वैद्य को स्थानीय लोगों के द्वारा की गई शिकायत के बाद मौके पर बुढ़ार के नायब तहसीलदार और कृषि उपज मण्डी के कर्मचारियों को भेजा गया और धान गाड़ी सहित जब्त कर उसे अमलाई थाने में भेज दिया गया, इस मामले में कृषि उपज मण्डी की विभिन्न धाराओं के तहत जुर्माना और राजस्व तथा खाद्य विभाग के द्वारा अलग-अलग कार्यवाहियां प्रस्तावित की जायेगी।

#### 21.83 की धान 18 में

शासन द्वारा वर्तमान में काश्तकारों से 21 रूपये 83 पैसे प्रति किलो की दर से धान क्रय किया जाना निर्धारित किया गया है, यहीं नहीं भाजपा द्वारा घोषणा पत्र में धान के दाम 10 रूपये और बढ़ाकर 31 रूपये किये जाने का वादा भी किया गया है, यदि ऐसा होता है तो, 18 रूपये में बिचौलियों के द्वारा किसानों से खरीदी गई धान के दाम गुप्ता ट्रेडर्स जैसी दर्जनों फर्मों को वर्तमान में 3 रूपये 83 पैसे और बाद में 10 रूपये का अतिरिक्त मुनाफा प्रति किलो के हिसाब से दिया जायेगा। इस तरह किसानों के हक पर सीधे-सीधे डाका तो डाल ही रहे हैं, शासन की मंशा और कलेक्टर के परिश्रम पर भी पानी फेरा जा रहा है।

#### जप्ती के बाद कटी मण्डी की रसीद

मंगलवार को बकहो में राज कुमार गुप्ता नामक बिचौलिए के द्वारा बस्ती में किसानों से मोल भाव कर धान खरीदकर उसे ट्रक में डलवाया जा रहा था, वाहन क्रमांक एमपी 07 जीए 8525 लगभग 72 बोरी धान अलग-अलग घरों से डलवाई गई, मामला जब प्रशासन तक पहुंचा तो, बुढ़ार के नायब तहसीलदार एस.के. सिंह राजस्व अमले



सहित मौके पर पहुंचे, दोपहर लगभग 3 बजे यह मामला जब प्रशासन के संज्ञान में आया तो, गुप्ता ट्रेडर्स के संचालक पुरूषोत्तम गुप्ता और उनके पुत्र के द्वारा 3:17 पर अपनी फर्म की आईडी से गुनाह छुपाने के फेर में मण्डी की अनुज्ञा की प्रविष्टि रसीद भी जारी कर दी।

#### हर वर्ष होता है यही खेल

बुढ़ार के गुप्ता ट्रेडर्स के साथ ही कुछ अन्य फर्मो के द्वारा इस तरह का खेल पहली बार नहीं किया जा रहा, यह अलग बात है कि इस बार यह मामला कलेक्टर के संज्ञान में आया और कार्यवाही के लिए टीम भेजी गई, इस मामले में गुप्ता ट्रेडर्स के गोदाम तथा अन्य ठिकानों पर इस तरह की कितनी अवैध धान किसानों का हक मारकर उनके मजबूरी का फायदा उठाते हुए कम दामों में क्रय की गई है, यह तो, इनके ठीहो पर छापामार कार्यवाही के बाद ही स्पष्ट होगा, लेकिन खुले तौर पर बिचौलिए और लायसेंसधारी फर्मो के द्वारा दिन के उजाले में यह काला खेल जिस तरह खेला जा रहा है, उससे स्पष्ट होता है कि यहां दाल में काल नहीं बल्कि पूरी दाल ही काली है।

### अमलाई थाने में बकहो से खरीदी जा रही धान पहुंची



#### इनका कहना है...

राज कुमार गुप्ता 18 रूपये के हिसाब से 22 बोरा धान खरीदा है, जिसे शायद राईस मिल में ले जायेगा, उसने बताया कि अभी शासन खरीदी चालू नहीं किया है, मेरे को दे दो, पैसे नगद दिये हैं।

**काशीराम**
**काश्तकार**
**वार्ड नंबर 04, बकहो**

बिचौलिए राज कुमार गुप्ता के द्वारा पुरूषोत्तम गुप्ता नामक लायसेंसधारी के लिए किसानों से कम दाम में धान खरीदी की सूचना मिली थी, जिसके बाद यहां आकर 72 बोरी धान जब्त की है, यह अवैध खरीदी और परिवहन है, कार्यवाही प्रस्तावित की जा रही है। मण्डी की रसीद प्रकरण बनने के बाद मामला दबाने के लिए कटवाई गई है, जो मान्य नहीं है।

**प्रतीक सिंह**
**सहायक ग्रेड-3**
**कृषि उपज मण्डी बुढ़ार**

कम दाम पर धान खरीदना गलत है, शिकायत के बाद इसकी पुष्टि हुई है, धान सहित वाहन जब्त कर थाने भेज दिया है। आगे कार्यवाही की जायेगी।

**एस.के. सिंह**
**नायब तहसीलदार**
**बुढ़ार**

## धान उपार्जन केंद्र गडरिया टोला का कलेक्टर ने किया निरीक्षण



**उमरिया।** कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने मानपुर जनपद पंचायत के गडरिया टोला स्थित धान उपार्जन केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीईओ जिला पंचायत इला तिवारी, उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं के के पाण्डेय, सर्वेयर, सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि कुछ बारदानो की स्थिति सही नही है, जिस पर कलेक्टर ने अप्रसन्नता व्यक्त की। सर्वेयर को निर्देशित किया कि वे धान की क्वालिटी चेक करें। मौके पर कलेक्टर व्दारा सर्वेयर से धान की क्वालिटी चेक करवाई गई। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान कहा कि केंद्र तक धान विक्रय करने हेतु आने वाले किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानियों का सामना नही करना पड़े, इसका विशेष ध्यान रखा जाए । सेवा सहकारी समिति मर्यादित कोटरी गडरिया टोला के प्रबंधक ने बताया कि 435 किसानों व्दारा अपना पंजीयन कराया गया है। अब तक 3550 क्विटल धान की खरीदी की जा चुकी है। 279 किसानों व्दारा स्लॉट बुक कराया गया है। 1974.60 क्विटल धान का परिवहन किया जा चुका है। प्राप्त बारदाना की संख्या 30 हजार है । केंद्र पर उपस्थित किसानों से कलेक्टर व्दारा धान उपार्जन के संबंध में चर्चा की गई जिस पर किसानों व्दारा बताया गया कि धान उपार्जन केंद्र में धान विक्रय करते समय किसी भी प्रकार की परेशानियों का सामना नही करना पड रहा है।

## जनपदवार विकसित भारत संकल्प यात्रा का रूट चार्ट निर्धारित

**शहडोल।** मुख्य कार्यपालन जिला पंचायत राजेश जैन ने बताया कि जिले के समस्त जनपदों में 16 दिसम्बर से विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रारंभ की गई है। उन्होंने बताया कि 20 दिसम्बर को जनपद पंचायत सोहागपुर के ग्राम पंचायत श्यामडीहखुर्द, खेतौली में विकसित संकल्प यात्रा निकाली जाएगी एवं शिविर सामुदायिक भवन श्यामडीहकला एवं प्राथमिक शाला प्रांगण में लगाई जाएगी। 21 दिसम्बर को जनपद पंचायत सोहागपुर के ग्राम पंचायत सेन्दुरीभर्री, पोंगरी में विकसित संकल्प यात्रा निकाली जाएगी एवं शिविर हाई स्कूल सेंदुरीभर्री एवं माध्यमिक शाला भवन पोंगरी में लगाई जाएगी।

20 दिसम्बर को जनपद पंचायत गोहपारू के ग्राम पंचायत बोचकी एवं सकरिया में विकसित संकल्प यात्रा निकाली जाएगी एवं शिविर पंचायत भवन बोचकी एवं सकरिया में लगाई जाएगी। 21 दिसम्बर को जनपद पंचायत गोहपारू के ग्राम पंचायत गोडारू एवं पैलवाह में विकसित संकल्प यात्रा निकाली जाएगी एवं शिविर प्राथमिक शाला गोडारू एवं पंचायत भवन पैलवाह में लगाई जाएगी।

20 दिसम्बर को जनपद पंचायत बुढार के ग्राम पंचायत रामपुर, खमरौध एवं बटुरा में विकसित संकल्प यात्रा निकाली जाएगी एवं शिविर पंचायत भवनों में लगाई जाएगी। 21 दिसम्बर को जनपद पंचायत बुढार के ग्राम पंचायत बिछिया, अतरिया एवं अमलई में विकसित संकल्प यात्रा निकाली जाएगी एवं शिविर पंचायत भवनों में लगाई जाएगी।

20 दिसम्बर को जनपद पंचायत जयसिंहनगर के ग्राम पंचायत बराछ एवं तेन्दूआढ़ में विकसित संकल्प यात्रा निकाली जाएगी एवं शिविर पंचायत भवनों में लगाई जाएगी। 21 दिसम्बर को जनपद पंचायत जयसिंहनगर के ग्राम पंचायत बरकछ एवं तगावर में विकसित संकल्प यात्रा निकाली जाएगी एवं शिविर प्राथमिक विद्यालय गूरा एवं पंचायत भवन तगावर में लगाई जाएगी। 20 दिसम्बर को जनपद पंचायत ब्यौहारी के ग्राम पंचायत महदेवा एवं विजयसोता में विकसित संकल्प यात्रा निकाली जाएगी एवं शिविर जंगल चौकी खारी बड़ी के पास एवं माध्यमिक शाला भवन विजयसोता में लगाई जाएगी। 21 दिसम्बर को जनपद पंचायत ब्यौहारी के ग्राम पंचायत बराबघेलहा एवं पपौंध में विकसित संकल्प यात्रा निकाली जाएगी एवं शिविर पंचायत भवनों में लगाई जाएगी।

## अवैध परिवहन करते एक डग्गी कोयला पकडाया, 4 के खिलाफ मामला दर्ज

शहड़ोल। जिले के बुढार थाना क्षेत्र अंतर्गत कोयले का अवैध उत्खनन कर परिवहन करते एक डग्गी कोयला जप्त कर पुलिस ने 4 लोगो के खिलाफ़ मामला दर्ज किया है, पकड़े गए अवैध कोयला सहित जप्त वाहन की अनुमानित कीमत 5 लाख से अधिक की बताई जा रही है। थाना क्षेत्र के धनगवां से कोयले का अवैध उत्खनन कर परिवहन करते पुलिस ने एक डग्गी कों पकडा है। पकड़े गए डग्गी में लगभग 10 टन अवैध कोयला परिवहन किया जा रहा था, मुखबिर की सूचना पर बुढार पुलिस ने अवैध कोयला परिवहन करते डग्गी को जप्त कर डग्गी चालक सूरज विश्वकर्मा व



कोयला उत्खनन कर परिवहन करा रहे प्रताप सिंह, दुर्गा यादव, मनोज सिंह के खिलाफ धारा 379, 414 (4/21) खनिज अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर कार्यवाही की है।

## किसानों ने सशर्त अनुबंध के साथ आंदोलन किया स्थगित

**शहडोल।** 15 दिसंबर से किसानों के द्वारा रामपुर-बटुरा खुली खदान को किसानों ने अनिश्चितकालीन के लिए बंद किया था, केवल खदान को बंद नहीं संपूर्ण खदान की कार्यवाही रोक दी थी, जिसको लेकर एसईसीएल और जिला प्रशासन लगातार 5 दिन से परेशान थे, कई तरह के बातचीत, कई बैठ होने के साथ ही बिलासपुर मुख्यालय तक के अधिकारियों के साथ वार्तालाप होती रही, किसानों ने गुस्सा को इतना ज्यादा प्रकट किया की पहली बार 12 सालों में 5 दिन तक संपूर्ण प्रोडक्शन बंद कर दिया गया, वरिष्ठ किसान नेता भूपेश शर्मा ने बताया कि बैठक कई दिनों तक चली, 5 दिनों में अंततः रामपुर गांव के किसानों ने कहा कि आंदोलन की वजह से खदान बंद है , भारत सरकार का नुकसान नहीं हम सब का नुकसान हैं। देर रात तक आंदोलन समिति के प्रमुख नेताओं का बैठक चली, इसके बाद निर्णय को अपने



ग्राम सभा में अनुमोदन के लिए रखा गया। ग्राम सभा ने प्रस्ताव रखा, इस बार आश्वासन से नहीं मानेंगे। निश्चित रूप से कोई भी काम करने के लिए समय लगता है, प्रक्रियाएं होती है, हम सब इस बात को स्वीकार करते हैं, लेकिन बीच का रास्ता निकालने ही लिए शासन के प्रतिनिधि के रूप में बुढार तहसीलदार जो कि शासन की तरफ से उपस्थित रही। प्रबंधन के तरफ से साइबेरिया मैनेजर रामपुर बटुरा, सहायक मैनेजर संदीप शुक्ला के सहित एरिया के पूरी टीम उपस्थित हुई। बातचीत के दौरान मुख्य मांगों को लेकर एसईसीएल के लेटर हेड में लिखकर सीसीएल के जिम्मेदार प्रशासन प्रबंधन हस्ताक्षर करें, साक्ष्य के रूप में जिला प्रशासन से आए प्रतिनिधि तहसीलदार बुढार के द्वारा भी हस्ताक्षर कर ग्राम पंचायत के सरपंच, उप सरपंच, जनपद सदस्य , जिला पंचायत सदस्य की प्रतिनिधि के साथ ग्राम सभा के समक्ष लिखित अनुबंध को पेश किया गया , उसका वचन के पश्चात अनुमोदन किया गया, महत्वपूर्ण धारा 91, 21 जनवरी 2016 मकान का सर्वप्रथम सॉल्यूशन राशि पुनर्वास की राशि 3 लाख से बढक़र 10 लाख के सहित 17 मांगों के ज्ञापन को लेकर 2 महीने के अंदर समस्या का समाधान किया जाएगा। अगर समय-सीमा के अंदर समस्या का समाधान नहीं होता है तो, यह कहा गया है लिखित रूप से अग्रिम कार्यवाही के लिए किसान स्वतंत्र हैं, यह पहला अवसर है कि किसानों ने प्रबंधन और प्रशासन से लिखित आश्वासन के रूप में कागज और अपने आंदोलन को समाप्त न करते हुए स्थगित किया गया है।

## युवाओं ने निकाली जागरूकता रैली




**शहडोल।** पंडित एस.एन.शुक्ला विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं रेड रिबन क्लब द्वारा विश्व एड्स दिवस पखवाड़ा के अंतर्गत युवाओं को एड्स से बचाव एवं सावधानियों के प्रति जागरूक करने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। जिसका समापन 18 दिसंबर को जागरूकता रैली निकाल कर किया गया। रैली विश्वविद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर गांधी चौक होते हुए पुनः विश्वविद्यालय शहडोल परिसर में संपन्न हुई। रैली में स्वयंसेवकों ने हस्तनिर्मित पास्टर लेकर जन-जन का हो यही नारा, एड्स मुक्त भारत हमारा नारों के माध्यम से लोगों को एड्स मुक्त भारत बनाने हेतु अपील की। कार्यक्रम के अंत में पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता के परिणाम घोषित किए गए, जिसमें प्रथम स्थान पर मुस्कान व हर्ष, द्वितीय स्थान पर सिमरन व प्रियंका एवं तृतीय स्थान पर सावित्री व रुचि रहीं। साथ ही गतिविधियों में प्रतिभागी रहे स्वयंसेवकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। वरिष्ठ दलनायक श्रुति तिवारी के नेतृत्व में स्वयंसेवक शैली निगम, अमृता द्विवेदी, सुचिता तिवारी, हर्ष तिवारी, राज कुमार जाटव, अनुराग कुमार मौर्य, साक्षी यादव, अनामिका धुर्वे, दिव्या सिंह, मधुरानी सिंह, अर्पिता तिवारी, आशीष प्रजापति, अंजली पटेल, सविता सिंह, आदि स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

### लोक सेवा आयोग की परीक्षा में छात्रों के समान हुआ चोरी

**शहडोल।** कोयलांचल क्षेत्र के वरिष्ठ अधिवक्ता और भाजपा नेता अरविंद साहनी एडवोकेट ने बताया की 17 दिसंबर को संपूर्ण मध्य प्रदेश में लोक सेवा आयोग की परीक्षा थी, जिसमें उनके बेटे अभिषेक कुमार जो कि इलाहाबाद विश्वविद्यालय से लॉ ग्रेजुएट होकर वहीं सिविल सर्विसेज की तैयारी करते हैं, उनका परीक्षा केंद्र एक्सीलेंस शासकीय विद्यालय अनूपपुर था, जहां परीक्षा की प्रथम पाली सुबह 10 से 12 बजे के पूर्व सभी छात्रों के समान एक हाल में रखे जा रहे थे, जिसके प्रभारी सत्यनारायण तिवारी और एक कर्मचारी राहुल नाम का व्यक्ति था परीक्षा समाप्त होने के बाद उनके बेटे अभिषेक का जैकेट और घड़ी इन लोगों के द्वारा गायब कर दिया गया था, जब उनके द्वारा शिकायत की धमकी दी गई तो, उन्होंने जैकेट लगभग दे दिया। किंतु सोनाटा कीमत 3000 की घड़ी, उक्त दोनों कर्मचारी ने मिलकर गायब कर दिया। इस संबंध में वहां के प्रिंसिपल और परीक्षा प्रभारी से जब छात्रा ने शिकायत की तो, उन्होंने इस पर ध्यान नहीं दिया और लापरवाही और उदासीनता दिखाई। ऐसे कई छात्रों के साथ किया गया है, उक्त विद्यालय जहां पर आज वर्षों से प्रदेश की विभिन्न प्रतिष्ठित परीक्षाएं होती हैं और इस तरह की चोरी जैसी घटना को अंजाम दिया जाना और उसे पर लापरवाही किया जाना चिंता का विषय है। ऐसे लोग सरकार की भी साख खराब कर रहे हैं, जिसकी शिकायत मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग के सचिव के साथ अनूपपुर कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक से छात्रद्वारा की गई है और इसकी जांच की मांग कर ऐसे लोगों को खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की गई है, ताकि भविष्य में अन्य छात्रों के साथ इस तरह चोरी या घपला बाजी की घटना को अंजाम न दिया जा सके। वरिष्ठ अधिवक्ता साहनी ने कहा कि अगर इस पर जांच शीघ्र नहीं की गई तो वह इस मुद्दे को मुख्यमंत्री तक ले जाएंगे या भाजपा संगठन इनके खिलाफ कार्रवाई करने को बाध्य होगा, इसलिए इनके खिलाफ तत्काल जांच की जाए।

## ग्रामीणों क्षेत्रों में फैला जाल, चिकित्सा प्रबंधन मौन

# झोलाछाप डॉक्टरों पर मेहरबान चिकित्सा विभाग

झोलाछाप डॉक्टरों के इलाज से आए दिन कोई न कोई मरीज मौत के मुंह में जा रहा है, बावजूद इसके स्वास्थ्य विभाग उन पर अंकुश लगाने में नाकाम है। विभाग के पास ऐसे डॉक्टरों की अनुमानित संख्या तक नहीं है। ऐसे में कार्रवाई तो दूर, उनकी पहचान करने में ही काफी वक्त लग सकता है, विशेषज्ञ बताते हैं कि झोलाछाप डॉक्टरों की संख्या घटने के बजाए दिनोंदिन बढ़ रही है।




**उमरिया।** गांवों व कस्बों में स्वास्थ्य केंद्रों में डॉक्टरों की कमी के चलते झोलाछाप डॉक्टरों के पनपने का कारण बन रही है। जिले में लाखों की आबादी के इलाज के लिए सरकारी स्तर पर जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हैं। इनमें से अधिकांश में उपकरण, चिकित्सक व स्टाफ की कमी है। जहां चिकित्सक मानकों के अनुरूप हैं, वहां मरीजों की संख्या इतनी अधिक है कि चाहकर भी लोगों को बेहतर इलाज नहीं मिल पाता। यहीं, वजह है कि गांव व कस्बों की आबादी झोलाछाप डॉक्टरों से इलाज करने के लिए विवश है।

### झोलाछाप डॉक्टरों का निर्धारण

ऐसा कोई भी चिकित्सक जो इंडियन मेडिकल काउंसिल व सेंट्रल काउंसिल फोर इंडियन मेडिसिन से पंजीकृत न हो, झोलाछाप डॉक्टर की श्रेणी में आता है। साथ ही मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया के अधिनियम 1956 के शिड्यूल 1, 2 व 3 के तहत चिकित्सीय योग्यता नहीं रखता हो। ऐसे सभी डॉक्टर जो प्रैक्टिस करने वाले प्रदेश से पंजीकृत न हों, जो मुख्य चिकित्सा के अधीन पंजीकृत न हो। तकनीकी भाषा में ऐसे डॉक्टरों को अवैध डॉक्टर की संज्ञा दी गई है।

### गांव में झोलाछाप डॉक्टर

विशेषज्ञों की मानें तो बंगाली क्लीनिक चलाने वाले लगभग 90 प्रतिशत डॉक्टरों के पास कोई डिग्री नहीं होती। इसके अलावा कई डॉक्टर ऐसे भी हैं जो कोई डिग्री न होने के बावजूद मरीजों की जिंदगी से खिलवाड़ कर रहे हैं। गांवों में विभिन्न नामों से झोलाछाप डॉक्टरों की दुकानें चल रही हैं। ऐसे डॉक्टरों के ऊपर दबंगों की कृपा रहती है, लिहाजा दूरस्थ गांव में विभाग की जांच टीम भी जाने से डरती है।

### लुट रहे मरीज

झोलाछाप डॉक्टर लोगो की सीमित जानकारी का फायदा उठाकर लोगो को अनाप-सनाप मनमर्जी लूटते है और फॉरेन की बनी दवाइयां जो ज्यादातर एक्पायरी डेट की होती है और खुद को ही इस बात की जानकारी न होने के कारण उन्हें मरीजो को यह जहर परोस दिया जाता है। पैसे कमाने के चक्कर मे लोगो की जिंदगी से खेलने में ये झोलाछाप डॉक्टर एक बार भी बार नही सोचते। एक ग्लूकोस की बोतल लगभग 9 - 9.50 रुपये की होती है उसी बोतल का ये झोलाछाप डॉक्टर 200-250 रुपये ले लेते है, पेनकिलर जो कि 50 पैसे की होती है उसका भी 5-7 रुपये लेना इनके लिए कोई बड़ी बात नही है। ऐसे में इन झोलाछाप डॉक्टरों की जांच क्यों नही की जाती जबकि ये झोलाछाप डॉक्टर सभी गांवों में अपना साम्राज्य फैलाये हुए है।

## खबर संक्षेप

### सस्ते दर पर भारत आटा का किया जाएगा विक्रय



**उमरिया।** आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता संघ द्वारा देश के लोगों को सस्ते दर पर शुध्द आटा उपलब्ध कराने का निर्णय लिया । केन्द्रीय मंत्री पियुष गोयल व्दारा 100 मोबाइल वैन को हरी झण्डी दिखाकर देश भर के लिए रवाना किया गया। यह आटा मोबाइल वैन या आउटलेट के माध्यम से 27 रूपये 50 पैसे की दर पर क्रय किया जा सकता है। कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य, सीईओ जिला पंचायत इला तिवारी एवं जीएम एसईसीएल श्री साहू तथा आउटलेट के संचालक अरूण उपाध्याय ने हरी झण्डी दिखाकर वैन को रवाना किया। जिले मुख्यालय में व्यापार विहार लालपुर दुकान नंबर 6 में यह आटा विक्रय के लिए उपलब्ध है।

### गैस एजेंसी संचालक हितग्राहियों दें लाभः कलेक्टर

**उमरिया।** भारत सरकार एवं राज्य सरकार की प्रमुख योजनाओं का लाभ लक्षित लाभार्थियों तक समयबध्द तरीके से पहुंचे इसी उद्देश्य से सरकार व्दारा विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का संचालन जिला स्तर पर आपसी सहभागिता से क्रियान्वयन किया जा रहा है। योजना में पीएम उज्वलता योजना को शामिल किया गया है। विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन 16 दिसंबर से 26 जनवरी तक किया जाना है। कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने जिले की समस्त गैस एजेंसी संचालकों को निर्देशित किया है कि अपने क्षेत्र अंतर्गत आवंटित ग्रामो में निर्धारित दिवसों एवं स्थान पर उपस्थित रहकर योजना से वंचित पात्र हितग्राहियों के आवेदन पूर्ण कर लाभ प्रदान करने की कार्यवाही करना सुनिश्चित करेंगे। विकसित भारत संकल्प यात्रा के उददेश्य की शत प्रतिशत पूरा करने के लिए वंचित लक्षित लाभार्थियों का चयन करने, यात्रा का ग्रामीण क्षेत्रों एवं निकाय के समस्ता वार्डो मे अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करने , लाभार्थियों के व्यक्तिगत कहानियों, अनुभव साझा करने के निर्देश दिए गए है।

### नगर खुलेआम बिक रहा मादक पदार्थ, पुलिसिया कार्यवाही शून्य

**कोतमा।** नगर मे अपराधियों के बुलंद हौसले है। नगर में खुलेआम सट्टा जुआ शराब अवैध कबाड़ का व्यवसाय फल फूल रहा है। आए दिन चोरी ठगी की वारदातें घटित हो रही है लेकिन पुलिस अवैध व्यवसाय पर रोक लगाने में असफल साबित हो रही है। कोतमा नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्र. 7 एलआईसी के पीछे हरिजन मोहल्ला में एक व्यक्ति द्वारा कई सालों से पुलिस प्रशासन के आंखों में धूल झोंक कर गांजे की पुडिया की बिक्री की जा रही है एवं घर में बैठाकर गंजेडियों को गांजा पिलवाया जा रहा है जिससे आस पास रहने वाले वार्डवासी इन गजेडियों के हो हल्ला एवं गाली गलौज के कारण जीना हराम हो गया है। इसी तरह वार्ड क्र. 01 सरस्वती स्कूल के पीछे वाली गली में एक महिला द्वारा गांजे की बिक्री किया जा रहा है। वार्ड के लोगों ने बताया कि यहां पर गंजेडियों का सुबह से लेकर शाम तक जमावडा लगा रहता है। इसी तरह पुराने अस्पताल के आगे मुर्गी बाजार जाने वाले मार्ग में बीच बाजार में एक व्यक्ति के द्वारा खुलेआम गांजे की बिक्री की जा रही है। गंजेडियों के आंतक से सभ्य परिवार के लोग अत्यधिक परेशान हैं। नगरवासियों ने पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि नगर में बिक रहे अवैध गांजों पर सख्त कार्यवाही की जाए ताकि वार्डवासी चैन की नींद सो सके।

# धुपखड़ा के विकास के लिए कार्य योजना बनाने के कलेक्टर ने दिए निर्देश



**उमरिया।** कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने विधानसभा निर्वाचन के दौरान 90 प्रतिशत से अधिक मतदान करने वाले ग्रामों के समुचित विकास के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों को विभागीय योजनाओं के तहत समग्र विकास की कार्य योजना तैयार कर क्रियान्वित करनें के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि इस अभियान की शुरूआत शत प्रतिशत मतदान करने वाले ग्राम धुपखड़ा से की जाएगी। धुपखडा ग्राम के समन्वित विकास हेतु डाक्टर अभय पाण्डेय प्राचार्य आदर्श महाविद्यालय तथा मास्टर ट्रेनर सुशील मिश्रा व्दारा पीआरए की कार्यवाही ग्रामीणों के साथ कर ली गई है। उनके द्वारा ग्राम धुपखड़ा के समग्र विकास की संभावनाओं तथा विभागीय योजनाओं के माध्यम से लाभान्वित करने वाले कारको को चिन्हित भी किया गया है। सभी अधिकारी धुपखडा ग्राम का भ्रमण कर स्थानीय संभावनाओं तथा ग्रामीणों की मंशा के अनुरूप स्थाई विकास की कार्य योजना बनाकर क्रियान्वित करे।

कलेक्टर ने कहा कि धुपखडा ग्राम कृषि आधारित है, यहां कृषि उद्यानिकी तथा इन्ही गतिविधियों पर आधारित आजीविका के स्थाई संसाधनों के विकास की आवश्यकता है। जिसमें ग्रामीण आजीविका परियोजना, जन अभियान परिषद, वन विभाग, पशु पालन विभाग, कृषि यांत्रिकीय , कृषि विज्ञान केंद्र, जल संसाधन मिलकर प्रमुख भूमिका का निर्वहन कर सकते है। इसके साथ ही वन क्षेत्र होने के कारण वन विभाग, महुआ संकलन, डोरी से तेल निकालने तथा नर्सरी रोपण का कार्य के साथ ही भूमि संरक्षण से संबंधित कार्य प्राथमिकता से कर सकते है। आपने कहा कि विकास में शिक्षा की प्रमुख भूमिका होती है। शिक्षा के स्तर को बढाने के लिए स्कूल के अतिरिक्त कोचिंग की व्यवस्था, सर्व सुविधा युक्तष भवन, प्रशिक्षण केंद्र, एमपी आनलाईन केंद्र, मछली पालन, मुर्गी पालन, पशु पालन, दुग्ध उत्पादन, जैसी गतिविधियों प्रमुखता से ली जा सकती है। सभी विभाग के अधिकारियों को आगामी समय सीमा की बैठक में अपनी कार्य योजना के साथ आने के निर्देश दिए गए ।

बैठक में सीईओ जिला पंचायत इला तिवारी, वनमण्डला अधिकारी मोहित सूद, महाप्रबंधक एसईसीएल श्रीसाहू, एसडीएम पाली टी.आर.नाग, सीईओ जनपद पंचायत पाली राजेंद्र त्रिपाठी सहित विभिन्न विभागों के जिला प्रमुख अधिकारी, खण्ड स्तरीय एवं ग्रामीण अमला, जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक रविन्द्र शुक्ला उपस्थित रहे ।

# सीएम हेल्प लाइन की शिकायतों का प्राथमिकता से करें निराकरणः कलेक्टर



**उमरिया।** कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने समय सीमा की बैठक में विभिन्न विभागों मे लंबित सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि शिकायतों का निराकरण संतुष्टि पूर्वक प्राथमिकता से किया जाए। आपने कहा कि एल-1 स्तर पर कोई भी शिकायत अन अटेंडेंट नही रहना चाहिए । अनुकंपा नियुक्ति के लंबित प्रकरणों का निराकरण अनिवार्य रूप से कर दिया जाए। इसी तरह मैदानी क्षेत्रों में संचालित कार्य जो अधूरे पडे है उन्हें प्राथमिकता के साथ पूरा किया जाए। धान उपार्जन केंद्रों तथा उचित मूल्य दुकानों की नियमित मानीटरिंग की जाए जिससे हितग्राहियों को किसी भी तरह की परेशानी का सामना नही करना पडे। सीईओ जिला पंचायत इला तिवारी ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित होने वाले शिविरों मे लाभान्वित हितग्राहियों, मेरी जुबानी - मेरी कहानी तथा अन्य जानकारियों की नियमित फीडिंग सुनिश्चित की जाए। शिविर लगने के एक दिन पूर्व ही संबंधित ग्रामों का मैदानी अमला भ्रमण कर वहां की समस्यायें एवं लाभान्वित होने वाले हितग्राहियों की सूची तैयार करें तथा शिविर के दिन उन्हें लाभान्वित करना सुनिश्चित करें। उज्ज्वला गैस योजना तथा बैंक बीमा योजनाओं का लाभ प्राथमिकता के साथ हितग्राहियों को दिया जाए । बैठक में सीईओ जिला पंचायत इला तिवारी, वनमण्डला अधिकारी मोहित सूद, एसडीएम पाली टी .आर. नाग, एसडीएम मानपुर कमलेश पुरी, सीईओ जनपद पंचायत पाली राजेंद्र शुक्ला, सहित विभिन्न विभागों के जिला प्रमुख अधिकारी, जन अभियान परिषद के जिला समन्वियक रविन्द्र शुक्ला उपस्थित रहे ।

# ठंड से राहत देने युवाओं ने बांटे कंबल व शाल



**उमरिया।** जिले की सक्रिय युवाओं की टोली युवा टीम उमरिया के द्वारा राहत पहल का आरंभ किया गया है। राहत पहल के द्वारा युवाओं की टोली ने ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के विभिन्न जरूरतमंद असहाय लोगों को चिन्हित करके उन्हें ठंड से बचाव के लिए कंबल व सॉल्व का वितरण किया गया। टीम लीडर हिमांशु तिवारी ने बताया कि हर वर्ष के भांति इस वर्ष भी युवा टीम उमरिया के द्वारा ठंड से बचाव के लिए पहल राहत अभियान का शुभारंभ किया गया है। जिसके तहत टीम के सदस्य गण पूरे जिले में असहाय व जरूरतमंद एवं दिव्यांग लोगों को चिन्हित कर उन्हें गर्म कपड़े कंबल और भोजन के पैकेट प्रदान किया जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मानवता की सेवा करने वाले हाथ उतने ही धन्य होते हैं जितने परमात्मा की प्रार्थना करने वाले होंठ। युवाओं से अपील करते हुए कहा कि आप सभी भी गर्म वस्त्र दान अभियान में जुडक़र जरूरतमंद लोगों तक गर्म कपड़े पहुंचने का प्रयास करें एवं संपर्क करके वस्त्र दान करें। जिससे इसका कडक़ड़ाती ठंड में जरूरतमंद लोगों तक गर्म कपड़े पहुंच सकें। गर्म कपड़े वितरण करते समय हिमांशु तिवारी,खुशी सेन, शिखा बर्मन ,रेशमा कोल, एवं सभी उपस्थित रहे।

## खुले में मांस, मटन के विक्रय पर प्रतिबंध, प्रशासन ने शुरू की कार्यवाही

**कोतमा।** प्रशासन एवं नगर पालिका तथा पुलिस के द्वारा खुले में मांस, मटन और मछली के विक्रय पर प्रतिबंध लगाए जाने हेतु कार्यवाही शुरू की। नगर के वार्ड क्रमांक 7 बनिया टोला मुर्गी बाजार मेंन रोड में मांस, मटन और मछली का व्यापार करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध सोमवार को संयुक्त कार्यवाही करते हुए खुले में विक्रय करने वाले दुकानदारों को शासन के दिशा निदेर्शों को समझाते हुए दुकान बंद करवाई गई और दुकानदारों को निर्देश दिए गए की अब खुले में मांस मटन एवं मछली की दुकान संचालित नहीं की जाएगी। दुकानदारों को निर्देश दिए गए की नगर के वार्ड क्रमांक 11 कॉलेज के सामने बने फीस मार्केट में दुकान लगाई जाएगी यदि अब से कोई दुकानदार खुले में मांस मटन एवं मछली की दुकान लगाते पाया गया तो उसके विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की जाएगी। तहसीलदार ईश्वर प्रधान के द्वारा दुकानदारों को बताया गया कि हाल ही में मुख्यमंत्री के द्वारा दिए गए निर्देश अनुसार मध्य प्रदेश शासन द्वारा जारी आदेश जिसमें खुले में मांस, मटन और मछली का व्यापार नहीं किया जाएगा साथ ही किसी भी धार्मिक स्थल से 100 मीटर की परिधि में मांस, मटन और मछली की दुकानों को स्थानीय प्रशासन नगर पालिका की मदद से अन्य जगह शिफ्ट किया जाएगा। कार्यवाही में तहसीलदार ईश्वर प्रधान, थाना प्रभारी व पुलिस विभाग नगर पालिका अमला एवं राजस्व विभाग के कर्मचारी शामिल थे।



# ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविरों का आयोजन




**उमरिया।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जिले में शिविरों का आयोजन लगातार जारी है । 19 दिसंबर को करकेली जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत लोढा, धतूरा तथा मानपुर जनपद पंचायत के ग्राम खलौध, कोटरी में शिविरों का आयोजन किया गया तथा शासन की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं से हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया।

मानपुर जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत खलौंध तथा कोटरी मे आयोजित शिविर में जनपद अध्यक्ष ममता सिंह, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अन्नू सिंह तथा मौजीलाल चौधरी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बडी संख्या में ग्रामीण जन और विभिन्न विभागों के जिला, खण्ड एवं ग्राम स्तरीय शासकीय अमला उपस्थित रहा ।

जनपद अध्यक्ष ममता सिंह ने कहा कि सरकार की मंशा है कि शासन की योजनाओं का लाभ आम जनता तथा पात्र हितग्राहियों को मिले, उन्हें लाभ पाने के लिए भटकना नही पडे, इसी उददेश्य से हर ग्राम पंचायत में शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। आप सभी लोग आगें आएं तथा योजनाओं का लाभ उठाएं।

करकेली जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत लोढा तथा धतूरा में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शिविरों का आयोजन किया गया। जनप्रतिनिधि पंकज तिवारी ने कहा कि शासकीय योजनाओं की आम जन को जानकारी देने तथा उन योजनाओं से पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करनें के उद्देश्य से यह यात्रा आयोजित की जा रही है। यात्रा के दौरान लगने वाले शिविरों से जन समस्याओं का निराकरण भी कराया जा सकता है। सभी लोग योजनाओं को जानें , समझें तथा उनका निराकरण कराएं। इस अवसर पर सीईओ जनपद पंचायत करकेली प्रेरणा सिंह ने शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। ड्रोन का प्रदर्शन कर सिंचाई, कीटनाशक दवाओ का छिडकाव, उर्वरक के छिडकाव का प्रदर्शन भी किया गया। इस अवसर पर जनपद सदस्य प्रियंका मून सिंह, जिला पंचायत सदस्य केशव वर्मा, जनपद सदस्य मनीषा यादव, बाल कृष्ण यादव, राजू प्रसाद , सरपंच लोढा रेखा कुषवाहा, सरपंच भरौला रानी प्रजापति व्दारा विभिन्न योजनाओ के हितग्राहियों को हितलाभ भी वितरित किया गया।



# नाम का वाचनालय, नहीं खुलता ताला

### 2 वर्ष से बंद लायब्रेरी, प्रस्तक प्रेमी हो रहे मायूस

**कोतमा।** नगर पालिका के द्वारा स्टेशन चौक पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय वाचनालय कई वर्ष पहले शुरू किया गया था, लेकिन लगभग 2 वर्ष से लाइब्रेरी बंद पड़ी है और उसमें रखी किताबें धूल खा रही हैं। जबकि लाइब्रेरी खोलने का मुख्य उद्धेश्य था युवा एवं बुजुर्ग लाइब्रेरी में पहुंचकर साहित्यिक एवं काम्पटीशन की किताबों का अध्ययन करें साथ में समाचार पत्र भी पढ़ें लेकिन नगरपालिका प्रशासन की लापरवाही के कारण वाचनालय का ताला ही नहीं खुल रहा है। इसमें पढ़ने की हजारों पुस्तकें भी हैं और रोजाना अखबार भी आते हैं लेकिन लाइब्रेरी का ताला नहीं खुलने के कारण लोग इस सुविधा से वंचित नजर आ रहे हैं। लाइब्रेरी चलती रहे और लोगों को इसकी सुविधा मिलती रहे इसके लिए पूर्व एसडीएम अमन मिश्रा के द्वारा लाइब्रेरी को सुविधा युक्त बनाया गया था और इसमें युवाओं के लिए काम्पटीशन की किताबे भी मंगवा कर रखवाई गई थी जब तक उनकी पदस्थापना कोतमा में रही तब तक लाइब्रेरी सुबह 10 बजे से देर शाम तक खुली रहती थी और लोगों को इसकी सुविधा भी मिल रही थी लेकिन उनका स्थानांतरण होने के साथ ही लाइब्रेरी भी बंद हो गई लाइब्रेरी का ताला ही नहीं खुल रहा है। पुस्तक प्रेमियों की सुविधा के लिए नगर में पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष स्वर्गीय राजेश सोनी के द्वारा वाचनालय संचालित किया गया था, लेकिन इस लाइब्रेरी की सुविधा पुस्तक प्रेमी को नहीं मिल पा रही है। लाइब्रेरी होने के नाते इसमें प्रतिदिन हिंदी, अंग्रेजी के आधा दर्जन राष्ट्रीय और क्षेत्रीय समाचार पत्र भी आते हैं, लेकिन लाइब्रेरी नहीं खुलने के कारण लोगों को सुविधा नहीं मिल पा रही है। इसमें धार्मिक ग्रंथ, चारों वेदों के अलावा महापुरुषों से संबंधित पुस्तकें, साहित्यिक, कहानी लेखन, उपन्यास समेत विभिन्न प्रकार की किताबें अलमारियों में कैद हैं। युवाओं से संबंधित काम्पटीशन और जनरल मोटीवेशन की पुस्तकें भी शामिल हैं।




# कोतमा में विधायक व बीएमओ के नेतृत्व में किया गया कार्यक्रम का आयोजन

**कोतमा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ किया गया है। मध्यप्रदेश शासन के आदेशानुसार कोतमा ब्लॉक में मुख्य अतिथि कोतमा विधायक दिलीप जायसवाल की अध्यक्षता में और कोतमा मुख्य खंड चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आर.के.वर्मा के नेतृत्व में 18 दिसंबर को कोतमा ब्लॉक के अंतर्गत गोहन्ड्रा गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मध्यप्रदेश शासन के योजनाओं का लाभ लोगो तक पहुंचाना ही मुख उद्देश्य हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोतमा स्टॉफ में मुख्य रूप से डॉ विकास पांडेय, लैब टेक्नीशियन मो. हनीफ खान, शिव कुमार नामदेव, ज्योति गुप्ता एवं शैलेंद्र तिवारी द्वारा अपने कर्त्तव्य का निर्वहन किया गया।



## खबर संक्षेप

### जिले में एक और बाईपास की मिली बड़ी सौगात

**रीवा।** गोविंदगढ़ के लोगों को भारी वाहनों से राहत मिलने की उम्मीद जगी है। अब कस्बे के अंदर से होकर भारी वाहन नहीं गुजरेंगे। क्षेत्र में नवीन बाईपास का निर्माण किया जाएगा। इसकी स्वीकृति पीडब्ल्यूडी से मिल गई है। करीब 19 करोड़ 40 लाख की लागत से 4 किमी लंबा बाईपास बनाया जाएगा। गोविंदगढ़ बाईपास (स्टेट हाइवे गोविंदगढ़, चुरहट एवं गोविंदगढ़-बेला) को लोक निर्माण विभाग ने स्थाई वित्तीय समिति की 250वीं बैठक में अनुमोदित कर स्वीकृति दी है स्थानीय विधायक नागेंद्र सिंह ने इस मसले को लेकर पूर्व में केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गड़करी को पत्र लिखा था, जिसमें गोविंदगढ़ बाईपास बनाने की मांग रखी थी। विगत सितम्बर में बदवार स्थित रीवा-सीधी टनल के उद्घाटन के दौरान रीवा दौरे पर आए केन्द्रीय मंत्री नितिन गड़करी से उन्होंने एक बार फिर गोविंदगढ़ बाईपास बनाने के लिए पत्राचार किया था। जिस पर लोक निर्माण विभाग ने 1 अक्टूबर को वित्तीय स्वीकृत देकर बहुप्रतीक्षित मांग को पूरा कर दिया। गोविंदगढ़ बाईपास बन जाने से न केवल गुढ़ विधानसभा क्षेत्र के लोगों को लाभ मिलेगा बल्कि रीवा-सीधी व सतना के लोगों के लिए बेहतर कनेक्टिविटी का माध्यम बनेगा। इसके अलावा, बहुप्रतीक्षित मांग डीही- महसांव मुख्य मार्ग निकलने वाली पड़रिया से महिया तक पहुंच मार्ग 297 लाख रुपए की लागत से 3 किलोमीटर लंबाई की सड़क निर्माण के लिए पीडब्ल्यूडी ने स्वीकृति दी है। इस सड़क के बन जाने से कई गांवों के लोग लाभान्वित होंगे। अब चुनाव निपट चुके हैं। ऐसे में शीघ्र ही उक्त दीनों मार्ग के निर्माण की कार्यवाही विभाग द्वारा आरम्भ की जायेगी।

### नैनो यूरिया के झिड़काव का प्रदर्शन किया गया



**रीवा ।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत विकास खण्ड रीवा के ग्राम हर्दी एवं बम्हौरी में कृषि विभाग द्वारा किसानो को मिटटी नमूना लेने की विधि के साथ-साथ मिट्टी परीक्षण के उपयोगिता के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही किसानों को प्राकृतिक खेती के संबंध में जानकारी भी दी गई। गाँव के किसानों को ड्रोन का प्रदर्शन कर नैनो यूरिया का गेहूँ की फसल में छिड़काव कर ड्रोन द्वारा कम समय में अधिक क्षेत्र में छिडकाव के बारे में लाभ से अवगत कराया गया। ग्राम बम्हौरी में नोडल ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी द्वारा मिट्टी परीक्षण हेतु नमूना लेने की विधि, प्राकृतिक खेती, बीजामृत जीवामृत घन, जीवामृत नीमास्त्र, ब्राम्हास्त्र आदि बनाने की विधि एवं उपयोगिता के साथ ही नैनो यूरिया का ड्रोन की सहायता से छिडकाव आदि विषयों पर किसानो को विस्तार से जानकारी दी गई।

### मतदाता सूची के पुनरीक्षण का प्रशिक्षण आज

**रीवा ।** निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार एक जनवरी 2024 की अर्हता तिथि के अनुसार मतदाता सूची के संक्षिप्त पुनरीक्षण का कार्य किया जा रहा है। इसके लिए प्रारूप का प्रकाशन 6 जनवरी को किया जाएगा। मतदाता सूची के पुनरीक्षण के संबंध में विधानसभा रीवा क्षेत्र के सभी बीएलओ तथा सुपरवाइजरों को 20 दिसम्बर को प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण शासकीय शिक्षा महाविद्यालय के सभागार में दोपहर 12 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित किया जा रहा है। इस संबंध में एसडीएम हुजूर तथा रजिस्ट्रीकरण अधिकारी डॉ अनुराग तिवारी ने बताया कि प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर डॉ जितेन्द्र कुमार आर्य तथा डॉ हुलास पन्ड्रो निर्वाचन संबंधी प्रशिक्षण देंगे।

### रोजगार मेला आज

**रीवा ।** जे.एन.सी.टी. कॉलेज रतहरा रीवा में 20 दिसंबर को एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश कार्यक्रम के तहत जिले के बेरोजगार युवकों-युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिये जिला रोजगार कार्यालय, जेएनसीटी कालेज रीवा तथा वर्क टूगेदर रीवा के संयुक्त तत्वावधान में इस रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है।

## कड़ाके की ठंड और शीतलहर

# अलाव के नाम पर ढा रहे कहर

### सिर्फ इंसान ही नहीं मवेशी भी परेशान, गीली, थोडी लकड़ी डालकर नपा कर्मी हो रहे रफू चक्कर





एक ओर जहां ठंड का कहर जारी है, वहीं दूसरी ओर नगर पालिका अलाव के नाम पर लोगों पर कम कहर नहीं ढा रही है। ठंड से ठिठुरते लोगों को राहत देने के नाम पर अलाव की व्यवस्था में सिर्फ कागजी कोरम पूरा किया जा रहा है।

धनपुरी।

6-7 घंटे अलाव जलने की जगह, लकड़ी गीली होने से सिर्फ धुंआ निकल रहा है तो वहीं लकड़ी इतनी कम कि महज आधा 1 घंटे में ही अलाव राख में तब्दील हो जाती है। लोग कूडा और प्लास्टिक की पन्नियां जलाकर तापने को मजबूर हैं। फिलहाल मंगलवार को न्यूनतम तापमान 6.4 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम 17.8 डिग्री सेल्सियस रहा।

#### लापरवाह नगर पालिका

नगर में अलाव जलवाने में नगर पालिका प्रशासन लापरवाही बरत रहा है। इसकी झलक गत मंगलवार रात देखने को मिली। नगर के मध्य स्थित आजाद चौक पर अलाव जलाने के लिए गीली लकड़ी डालकर नगर पालिका कर्मी रफूचक्कर हो गए। आसपास के लोगों ने टोका तो यह कहकर चले गए कि सूखी लकड़ी कहीं तलाशने पर भी पालिका को नहीं मिल रही है। जो मिल रही है उसी से काम चलाओ। इस कारण मजबूरी में गीली लकड़ी के सहारे अलाव जलाने की कोशिश की जाती रही। इससे आग की लपटें कम धुंआ ज्यादा निकलता रहा।

#### सिर्फ रस्म अदायगी

टैक्सी स्टाप पर मौजूद लोगों ने कहा कि नगर पालिका अलाव जलवाने में लापरवाही बरत रहा है। कई बार कहे जाने पर भी गीली लकड़ी ही डाली जा रही है। यह लकड़ी लाख कोशिश करने पर भी नहीं जलती। अलाव जलवाने के नाम पर रस्म निभाई जा रही है। कभी लकड़ी डाल दी जाती है दिलाने वाला कोई नहीं रहता तो कभी कोई लकड़ी लेकर पहुंचता ही नहीं है।

#### नहीं मिल रही राहत

धनपुरी आजाद चौक, इमामबाड़ रोड पर रात्रि में बस पकड़ने वाले ट्रेन पकड़ने वाले जाने वाले यात्रियों का पूरे दिन आवागमन होता है। यहां भीड़ रहती है पर अलाव की व्यवस्था नपा द्वारा की गई है लेकिन अलाव में लकड़ी की व्यवस्था थोड़ी सी होने के चलते अलाव लोगों को लाभ नहीं मिल रहा है। ठंड से बचने के लिए लोग कूड़ा करकट व पालीथीन जलाकर तापने को मजबूर हैं। पिछले वर्ष तक अलाव में लकड़ी कम होने की समस्या नहीं देखी जा रही थी लेकिन इस वर्ष अलाव में लकड़ी काफी कम देखने को मिल रहा है। ऐसे में कड़ाके की ठंड पर लोगों को अलाव में राहत नहीं मिल रहा है।

#### ठंडे पड़े जन प्रतिनिधि

इन दिनों ठंड ज्यादा पड़ रही है। इससे बचाव के लिए अलाव जलवाने की व्यवस्था में सुधार नपा के द्वारा प्रयास होना चाहिए कि सार्वजनिक स्थानों व आजाद चौक धनपुरी पर अलाव जलवाने के लिए पर्याप्त सूखी लकड़ी भेजी जाए। नगर के जनप्रतिनिधि भी अलाव जलवाने के मुद्दे पर उदासीन रवैया अपनाए हैं। यही वजह है कि अभी तक किसी भी जनप्रतिनिधि ने आगे आकर अलाव जलवाने की प्रशासन की व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए आवाज नहीं उठाई है। जनप्रतिनिधियों की चुप्पी के कारण प्रशासनिक अधिकारी भी निष्क्रियता अपनाए हुए हैं।जन प्रतिनिधियों ने अपने स्तर से भी अलाव जलवाने की पहल नहीं की है।

अलाव में आग जलने की जगह सिर्फ धुआ निकलती है जिससे लोगों को भीषण ठंड से बचाव अलाव का लाभ नहीं मिल पा रहा है अलाव स्थल पर इंसानो की जगह जानवर खड़े रहते हैं।



## केंद्रीय विद्यालय ने मनाया 60 वां स्थापना दिवस

# महान है केंद्रीय विद्यालय संगठनः योगेश



धनपुरी।

'केन्द्रीय विद्यालय धनपुरी में 60 वे 'फाउन्डेशन डे' यानी केन्द्रीय विद्यालय स्थापना दिवस का आयोजन',प्राचार्य योगेश कुमार गुप्ता के मुख्य आतिथ्य एवं शिक्षिका श्रीमती शिखा गर्ग के संचालन में वृहद् रूप से आयोजित हुआ। प्रातःकाल की प्रार्थना सभा में सर्वप्रथम् माँ सरस्वती जी की प्रतिमा के समक्ष, प्राचार्य महोदय, एवं वरिष्ठ शिक्षकों के द्वारा पुष्पांजली एवं दीप-प्रज्ज्वलन किया गया। तत्पश्चात विद्यालय के स्कॉउट प्रभारी शिक्षक श्री नौशाद अली ने सभी लोगो को केन्द्रीय विद्यालय की प्रतिज्ञा (शपथ) दिलवाई। इसके तुरंत बाद ही सांस्कृतिक कार्यकमों में, अनेक रंगारंग कार्यकम- नृत्य, गीत-संगीत आदि विद्यार्थियों के द्वारा प्रस्तुत किया गया।

उक्त कार्यक्रम में, अनेक विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के द्वारा केन्द्रीय विद्यालय के महान गौरव गाथा का वर्णन किया गया। जहाँ एक ओर प्राथमिक वर्ग के विद्यार्थियों के द्वारा विद्यालय के महत्व को बताते हुए 'स्कूल चले हम' गीत की शानदार प्रस्तुती दी गई, वहीं उच्चतर वर्ग के विद्यार्थियों के द्वारा प्रस्तुत मनमोहक नृत्य एवं भाषण ने सभी लोगों को मंत्र मुग्ध कर दिया।

प्राचार्य योगेश कुमार गुप्ता के द्वारा आयुक्त महोदय का संदेश वाचन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राचार्य महोदय ने, अपने उद्बोधन में, बताया कि, 'केन्द्रीय विद्यालय संगठन अपने आप में महान है, यहाँ कार्यरत सभी लोग गौरवशाली हैं एवं इस विद्यालय में पढ़ने वाले विद्यार्थी, निश्चित ही अच्छे मुकाम हासिल करते हैं। विद्यालय के स्कॉउट प्रभारी शिक्षक नौशाद अली ने केन्द्रीय विद्यालय के महान गौरव गाथा का वर्णन करते हुए, आभार व्यक्त किया। अंत में मिष्ठान्न वितरण के साथ ही कार्यक्रम का समापन हुआ।

# गर्म कंबल पाकर ग्रामीणों के चेहरे आयी मुस्कान

## सीनियर सिटीजन एसोसिएशन ने ग्रामीणों को बांटे कंबल





शहडोल।

जिले के जैतपुर विधानसभा क्षेत्र के दूरस्थ अंचल के गांवो में पहुंच कर सीनियर सिटीजन ने पीड़ित मानवता की सेवा में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करते हुए रविवार को एक गरिमामय कार्यक्रम में सीनियर सिटीजन एसोसिएशन शहडोल के द्वारा जिले में चल रही शीतकालीन ठंड को दृष्टिगत रखते हुए गर्म कंबल का वितरण किया गया। दूरस्थ आदिवासी व अभावग्रस्त ग्राम गुर्रा में करीब 380 कम्बलों का वितरण ग्रामीण जनों को किया गया। गुर्रा गांव में आयोजित कंबल वितरण कार्यक्रम में आसपास के आधा दर्जन गावों के चिन्हित ग्रामीण जनो को ठंड से बचने हेतु कंबल प्रदान किया गया।जिसमें मुख्य रूप से ग्राम - रसमोहनी के 32 ग्रामीणजन, देवगढ़ से 110, गढ़ा से 18, कुनवाही से 57, अकला से 17, धुरियाडोल से 26, ग्राम खैरी से 32 एवं ग्राम गुर्रा के 48 ग्रामीण जनो को कंबल प्रदान किया गया।कंबल वितरण कार्यक्रम की जानकारी लगने पर ग्रामीणों का हुजूम उमड़ पड़ा।सीनियर सिटीजन ने पीड़ित चिन्हित अन्य करीब चालीस व्यक्तिओं को भी कम्बल प्रदान किया गया।इस तरह करीब 380 कंबल का वितरण किया गया।

सीनियर सिटीजन के पदाधिकारियों से गर्म कंबल पाकर ग्रामीणों के चेहरे पर खुशी देखते बनती थी।मंद-मंद मुस्कान से ग्रामीण आशा भरी निगाहों से सिटीजन से अपेक्षा व्यक्त कर रहे थे कि बाबूजी इस ठंड में बड़ी राहत दी है।

सीनियर सिटीजन एसोसिएशन के द्वारा आयोजित कंबल वितरण कार्यक्रम में उपस्थित सभी सीनियर सिटीजन एवं ग्रामीण जनो का कार्यक्रम के संयोजक/ संस्था सचिव टी.पी. मिश्रा ने आत्मीय अभिनंदन करते हुए स्वागत किया। श्री मिश्रा ने कार्यक्रम में ग्रामीणों से अनुरोध किया कि वे बच्चो को स्कूल नियमित भेजे तथा नशे से दूर रहने, स्वच्छता अपनाने का आहवान किया। ग्रामीणों को गर्म कंबल प्रदान कर कहा कि आप सभी इस ठंडी का लुफ्त उठाए। उन्होंने इस अनुकरणीय कार्य में सभी सिटीजन के सहभागिता के लिए तहे दिल से स्वागत कर आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर सीनियर सिटीजन एसोसिएशन के अध्यक्ष एम.एल. मंत्री ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा एसोसिएशन बिना किसी सरकारी सहायता के सभी सदस्यों के आपसी समन्वय और उनके आर्थिक सहयोग से संचालित हैं। एसोसिएशन की स्थापना दैनिक भारती के संस्थापक स्वर्गीय कैलाश चंद अग्रवाल ने किया था। उन्होंने इस एसोसिएशन की स्थापना शिक्षा,स्वास्थ्य, पर्यावरण की रक्षा, प्रतिभा सम्मान एवं पीड़ित मानवता की सहायतार्थ के लिए किया था। उन्हीं के बताए मार्ग पर हमारा एसोसिएशन निरंतर प्रगति रत है। अध्यक्ष श्री मंत्री ने ग्रामीण जनों को संबोधित करते हुए कहा कि हम प्रतिवर्ष गांव में जाकर कम्बल एवं कपड़ों का वितरण निःशुल्क करते आ रहे हैं अभी हाल ही में दो हफ्ते पहले प्राईमरी बच्चों के स्कूल में एक सैकड़ा स्वेटर का वितरण किए थे।

सीनियर सिटीजन एसोसिएशन के इस कार्यक्रम में वहां के ग्रामीणों ने संस्था को भरपूर सहयोग दिया। जिसमें कौशल मणि सोनी, महसूद खान, मो. फारुख खान, अनिल प्रजापति, आनंद कुमार नामदेव एवं मान सिंह ने सीनियर सिटीजन एसोसिएशन के इस पुनीत कार्य की जमकर तारीफ की। उन्होंने अपेक्षा व्यक्त किया कि पीड़ित मानवता के इस कार्य में हम आपकी राह देखते रहेंगे।

कंबल वितरण के अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला पुरूष के साथ समिति के पदाधिकारी जिसमें सर्वश्री एम.एल.मंत्री, महेश अग्रवाल, डा.ए.के. श्रीवास्तव, टी.पी. मिश्रा, जी.डी.आहुजा, जे.पी. केजरीवाल, एस.के. सिंह परमार, जीतेन्द्र सिंह, कमल मूंदड़ा, राजेन्द्र अग्रवाल, अरुण अग्रवाल, अमरनाथ सिंघानिया, योगेश अग्रवाल, महेन्द्र बियानी, शरद कुमार झवेरी, डॉ.गौरी शंकर, सुहाष चंद्र वासुदेव, सुरेन्द्र अग्रवाल एवं दीपक ढोड़ी के साथ महिलाओं ने भी इस कार्यक्रम में भरपूर सहयोग दिया। जिसमें श्रीमती मंजुला मूंदड़ा, श्रीमती गायत्री वासुदेवा, श्रीमती अंजू झवेरी, श्रीमती कामिनी अग्रवाल, श्रीमती कविता अग्रवाल एवं मास्टर श्लोक ने भी अपनी उपस्थित दर्ज कराई।



# विकसित भारत यात्रा के माध्यम से मिल रहा है ग्रामीणों को विभिन्न योजनाओं का लाभ

### केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं के बारे में आमजन को दी जा रही है जानकारियाँ

**रीवा !** विकसित भारत संकल्प यात्रा जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में पहुंच रही है। यात्रा के माध्यम से लोगों को विभिन्न केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं का लाभ, लक्षित लाभार्थियों, खास तौर से वंचित व आकांक्षी लोगों तक समयबद्ध तरीके से पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। यात्रा का उद्देश्य जन सामान्य में योजनाओं का प्रचार प्रसार एवं जागरूकता पैदा करना है। वंचितों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। लाभार्थियों के व्यक्तिगत कहानियों एवं अनुभव साझा करने के माध्यम से सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी एकत्रित की जा रही है। यात्रा के दौरान प्राप्त आवेदनों के आधार पर संभावित लाभार्थियों का नामांकन व चयन भी किया जा रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित की जा रही है। प्रचार प्रसार हेतु वीडियो वैन में आडियो, वीडियो, ब्रोसर आदि सामग्री उपलब्ध है। यात्रा के दौरान विभागीय स्टालों में योजनाओं की जानकारी देने व हितलाभ के लिए आवेदन प्राप्त करने का कार्य किया जा रहा है। शिविरों में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच तथा दवा वितरण की भी व्यवस्था करायी गयी है। जनपद मऊगंज के ग्राम पंचायत मुदरिया चौबान, हिड़वार, जनपद हनुमना के ढ़ाबा तिवरियान, चिरौया, जनपद सेमरिया के ग्राम पंचायत बुसौल में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित अभियान मे आयुष्मान भारत, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीन दयाल अन्त्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना, पीएम उज्जवला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, पीएम पोषण योजना, हर घर जल जल जीवन मिशन, जनधन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, पीएम प्रणाम योजना, नैनो उर्वरक का उपयोग,स्वाइल हैल्थ कार्ड उन्नत कृषि यंत्र वितरण आदि को शामिल किया गया है ।


# तालाबों पर अतिक्रमण की होड़, प्रशासन इन्हें संरक्षित करने को लेकर बेफिक्र



रीवा

इन दिनों रीवा जिले मे जलाशयों और तालाब मे कब्जे की होड़ लगी हुई है बढ़ती आबादी ने इनका अस्तित्व मिटाना शुरू कर दिया है। बचे तालाब अवैध कब्जे और अतिक्रमण की चपेट में हैं। प्रशासन भी इन्हें संरक्षित करने को लेकर बेफिक्र है। स्थानीय तहसील के कई गांवों में तालाब अतिक्रमण के चलते सिमटते जा रहे हैं। वहीं कई तालाबों को क्रय-विक्रय कर दिया गया है। पूर्व में ग्रामीणों की शिकायत पर तहसील प्रशासन ने इस तालाब से अतिक्रमण हटाने का प्रयास किया था, लेकिन विरोध व कब्जेदारों के अनुनय-विनय पर कार्रवाई को टाल दिया गया। तालाबों को बचाने और नए तालाब के निर्माण के लिए जिम्मेदार अपने उत्तरदायित्वों से विमुख हैं। जल संरक्षण के नाम पर सरकार करोड़ों रुपये पानी की तरह बहा रही है, लेकिन अतिक्रमण से विलुप्त हो रहे और सूखे तालाब दावों की पोल खोल रहे हैं। इसी तरह अतरैला गांव में लगे पूछीं तालाब में एक अन्य तालाब पर भी अवैध कब्जा कर झुग्गी-झोपड़ी और पक्का मकान बना लिया गया है ।

## खबर संक्षेप




### लिफ्ट लेकर भारत दर्शन पर निकले सच्चिदानंद मिश्रा पहुंचे अमरकंटक

**अमरकंटक।** माता सीता जी की पावन जन्मस्थली बिहार के सीतामढ़ी निवासी 23 वर्षीय युवक सच्चिदानंद मिश्रा विगत 13 दिसंबर को अपने घर से भारत दर्शन यात्रा पर निकले हैं। श्री मिश्र छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर से होते हुए 19 दिसंबर को मां नर्मदा की उद्गम स्थल अमरकंटक पहुंचे उन्होंने मां नर्मदा जी का पूजन अर्चन दर्शन किया तथा अपनी आगामी यात्रा की कुशल कामना हेतु मां नर्मदा जी से प्रार्थना की। श्री मिश्र ने बताया कि उन्हें भारत भ्रमण यात्रा का मन में आया तो निकल पड़े हैं वह यह यात्रा जन सहयोग से कर रहे हैं। उनके मार्ग से निकलने वाले वाहनों से लिफ्ट लेकर आगे बढ़ते हैं यात्रा का उद्देश्य सद्भावना भाईचारा अमन चैन शांति हो इसका संदेश जगह-जगह देते हैं। श्री मिश्रा बिहार के सीतामढ़ी से झारखंड के धनबाद रायडीह अंबिकापुर बैकुंठपुर अनूपपुर होते हुए अमरकंटक पहुंचे हैं। वह यहां से डिंडोरी होते हुए जबलपुर और उससे आगे ग्वालियर होकर उज्जैन जाएंगे तथा यहां से गुजरात व महाराष्ट्र जाने का आगे का कार्यक्रम है। पहले वह केदारनाथ अमरनाथ की यात्रा कर चुके हैं उन्होंने बताया कि झारखंड में अब भी सड़कों की हालत ठीक नहीं है अमरकंटक नगर उन्हें बहुत ही अच्छा लगा।

### जिले में अब तक 153550.52 क्विंटल धान की खरीदी

**अनूपपुर।** किसानों को उनकी उपज का अधिकतम मूल्य देने के लिए जिले भर में बनाए गए 34 उपार्जन केन्द्रों में एक दिसम्बर से धान का उपार्जन किया जा रहा है। धान का उपार्जन सहकारी समितियों द्वारा किया जा रहा है। जिले में अब तक 3113 पंजीकृत किसानों से 153550.52 क्विंटल धान का उपार्जन किया गया है। इसके लिए किसानों को 33 करोड़ 52 लाख 776 रुपये की राशि का भुगतान किया जा चुका है।

### तम्बाकू नियंत्रण कानून के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए प्रशिक्षण सम्पन्न



**अनूपपुर।** तम्बाकू नियंत्रण कानून का प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जिला स्तरीय अधिकरियो का एक दिवसीय प्रशिक्षण जिला चिकित्सालय अनूपपुर के सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ए.के. अवधिया ने कहा कि तम्बाकू का सेवन स्वास्थ्य एवं पर्यावरण के लिए हानिकारक है। जन समुदाय और आने वाली पीढ़ी को विशेष रूप से बचाने के लिए प्रयत्न करना जरुरी है। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.पी. सोनी ने कहा कि सभी संबंधित विभागों को अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए तम्बाकू नियंत्रण कानून का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना होगा। प्रशिक्षण एम.पी.वी.एच.ए. के संभागीय समन्वयक द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण में कोटपा 2003 की धाराओं के उल्लंघन करने पर जुमार्ने के प्रावधान, अवैध तम्बाकू उत्पादों के अधिग्रहण की प्रक्रिया, न्यायालय के समक्ष प्रस्तुति आदि की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में बताया गया कि अगर किसी के द्वारा तम्बाकू नियंत्रण कानून की धाराओ का उल्लंघन किया जाता है तो किस प्रकार से संवैधानिक कार्यवाही अधिकारी अपने कार्यक्षेत्र में कर सकते है जिसमे मुख्य रुप से धारा 4, धारा 5, 6 एवं धारा 7 के बारे में जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में डॉ. शिवेन्द्र द्विवेदी सहित शिक्षा, पुलिस, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, आदिम जाति कल्याण, नगर पालिका, महिला एवं बाल विकास विभाग व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

## अंतर्राज्यीय चोर गिरोह का कोतवाली पुलिस ने किया पर्दाफाश

# 3 चोरों से 3.6 लाख के 7 मोटर साइकिल बरामद

**14 दिसंबर को गंगाराम कोल पिता शुक्ला कोल उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम केल्होरी थाना चचाई ने थाना आकर इस आशय की रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 13 दिसंबर को शामं 6 बजे अपनी मोटर सायकिल एम.पी. 65 एम ई 6245 सीटी 100 बजाज कंपनी की सब्जी मंडी अनूपपुर में खड़ी करके सब्जी खरीदने चले जाना तथा वापस आने पर मोटर सायकिल को किसी अज्ञात चोर के द्वारा चोरी करके ले गया**



अनूपपुर।

शिकायत पर अपराध क्रमांक 611/23 धारा 379 ताहि का अपराध पंजीबद्ध किया जाकर विवेचना की जा रही थी। विवेचना दौरान संदेह के आधार पर संदेही जावेद खान उर्फ जादे पिता मो. हसन उर्फ सप्पू उम्र 27 वर्ष निवासी चमन चौक फुनगा थाना भालूमाड़ा एवं विसम्भर उर्फ गुलाब पवार पिता नत्था सिंह पवार उम्र 30 वर्ष निवासी चंदासटोला अनूपपुर व कृष्णा कुमार सिंह गोड़ पिता रामदयाल सिंह गोड़ उम्र 24 वर्ष निवासी चंदासटोला अनूपपुर को अभिरक्षा में लेकर विधिवत पूछताछ किया गया तो पूछताछ पर आरोपी जावेद खान उर्फ जावे पिता मो. हसन उर्फ सप्पू उम्र 27 वर्ष निवासी चमन चौक फुनगा थाना भालूमाड़ा ने उक्त मोटरसाइकिल को सब्जी मंडी अनूपपुर से चोरी करना स्वीकार किया। अन्य प्रकरणो के संबंध में भी विधिवत पूछताछ किया गया तो आरोपी द्वारा 20 सितंबर 2023 को होंडा कंपनी की ड्रीम मोटरसाइकिल, 6 जून 2023 को पीआरटी कालेज अनूपपुर के पीछे से एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल एवं बेलगहना छत्तीसगढ़ से एक एचएफ डीलक्स ईको मोटरसाइकिल चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी विसम्भर उर्फ गुलाब पवार पिता नत्था सिंह पवार उम्र 30 वर्ष निवासी चंदासटोला अनूपपुर व कृष्णा कुमार सिंह गोड़ पिता रामदयाल सिंह गोड़ उम्र 24 वर्ष निवासी चंदासटोला अनूपपुर से 3 मोटरसाइकिल जो थाना कोतवाली अनूपपुर क्षेत्र के बाहर से चोरी करके रखे थे आरोपीगणो के कब्जे से जप्त किया गया है। उक्त आरोपीगणो से कुल 7 नग मोटरसाइकिल कीमती करीब 3 लाख 60 हजार रुपये जप्त कर कार्यवाही की गई।

### इधर दिनदहाड़े रेलवे स्टेशन के पास से मोटर साइकिल पार

रवीन्द्र कुमार झा पिता जितेन्द्र नारायण झा उम्र 50 वर्ष निवासी सकरिया जेल बिल्डिंग के पास अनूपपुर थाना में आकर इस बात की सूचना दी कि 18 दिसंबर 2023 को सुबह करीब 11 बजे दिन अपनी होन्डा कम्पनी की काले रंग की ड्रीम मोटरसाईकल क्रमांक एमपी 65 एमए 7571 से रेल्वे स्टेशन अनूपपुर रिजर्वेशन कराने गया था। मोटरसाईकल को रेल्वे लाईन रेल्वे ओवर ब्रिज के पास दाहिने तरफ खड़ी करके रिजर्वेशन कराने रेल्वे स्टेशन के अन्दर चला गया था टिकट लेकर करीब 11.45 वापस आकर देखा तो मोटरसाईकल वहाँ पर नही थी आसपास पता तलाश किया किन्तु मोटरसाईकल का कहीं कोई पता नहीं चल रहा है कोई अज्ञात चोर मोटरसाईल को चोरी कर ले गया है। जिसे 2014 मे खरीदा था जिसकी वर्तमान कीमत लगभग 15000 रुपये होगी। जिस पर कोतवाली अनूपपुर ने धारा 379 के तहत मामला दर्ज कर चोर की तलाश की जा रही है।

## लोक सेवा आयोग की परीक्षा में छात्रों का सामान हुआ चोरी

### शिक्षक और कर्मचारियों की मिलीभगत का आरोप

**अनूपपुर।** प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अमलाई के वरिष्ठ अधिवक्ता और भाजपा नेता अरविंद साहनी एडवोकेट ने बताया कि 17 दिसंबर को संपूर्ण मध्य प्रदेश में लोक सेवा आयोग की परीक्षा थी जिसमें उनके बेटे अभिषेक कुमार जो कि इलाहाबाद विश्वविद्यालय से ला ग्रेजुएट होकर वहीं सिविल सर्विसेज की तैयारी करते हैं उनका परीक्षा केंद्र एक्सीलेंस शासकीय विद्यालय अनूपपुर था जहां परीक्षा की प्रथम पाली सुबह 10 से 12 बजे के पूर्व सभी छात्रों के सामान एक हाल में रखे जा रहे थे जिसके प्रभारी सत्यनारायण तिवारी और एक कर्मचारी राहुल नाम का व्यक्ति था। परीक्षा समाप्त होने के बाद उनके बेटे अभिषेक का जैकेट और घड़ी इन लोगों के द्वारा गायब कर दिया गया था जब उनके द्वारा शिकायत की धमकी दी गई तो उन्होंने जैकेट दे दिया किंतु सोनाटा कीमत 3000 की घड़ी उक्त दोनों कर्मचारी ने मिलकर गायब कर दिया। इस संबंध में वहां के प्रिंसिपल और परीक्षा प्रभारी श्री बहेलिया से जब छात्र ने शिकायत की तो उन्होंने इस पर ध्यान नहीं दिया और लापरवाही और उदासीनता दिखाई। ऐसे कई छात्रों के साथ किया गया है। ज्ञात हो कि उक्त विद्यालय जहां पर आज वर्षों से प्रदेश की विभिन्न प्रतिष्ठित परीक्षाएं होती हैं और इस तरह की चोरी जैसी घटना को अंजाम दिया जाना और उसे पर लापरवाही किया जाना चिंता का विषय है। ऐसे लोग सरकार की भी साख खराब कर रहे हैं जिसकी शिकायत मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग के सचिव के साथ अनूपपुर कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक से करते हुये जांच व ऐसे लोगों को खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की गई है ताकि भविष्य में अन्य छात्रों के साथ इस तरह चोरी की घटना को अंजाम न दिया जा सके। वरिष्ठ अधिवक्ता साहनी ने कहा कि अगर इस पर जांच शीघ्र नहीं की गई तो वह इस मुद्दे को मुख्यमंत्री तक ले जाएंगे या भाजपा संगठन इनके खिलाफ कार्रवाई करने को बाध्य होगा इसलिए इनके खिलाफ तत्काल जांच की जाए।

## कमजोर होती प्रशासनिक कार्यशैली पर माफियाओं का जलवा बरकरार

### थाना क्षेत्र की बिगडी कानून व्यवस्था को पटरी में लाने विधायक से आस

बिजुरी।

थानाक्षेत्र में अवैध रूप से संचालित जुआ, सट्टा और कबाड़ कारोबार पर बिजुरी पुलिस द्वारा कार्यवाही नही किए जाने से तीनों अवैध कारोबार थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर तेजी से फल-फूल रहा है। सूरज कि रोशनी में जुआरी जहां प्रतिदिन कोरजा, कपिलधारा सहित आसपास के जंगल झाड़ियों में बावन परी के खेल में किस्मत आजमा रहे हैं वहीं रात के अंधेरे में एकत्रित होकर यह जुआडी.नगर के एक घर में पूरी रात ताश के पत्तों पर हार-जीत का दांव लगा रहे हैं। बावजूद इसके नाल वसूली के इस खेल पर स्थानीय पुलिस संज्ञान लेने की जहमत नही उठा रही है।



#### सट्टा कारोबारी की तो बात ही निराली

नगर में संचालित सट्टा कारोबार पर भी यदि दृष्टि डाला जाए तो आलम यह है कि नगर के सट्टा माफियाओं ने भिन्न-भिन्न स्थानों के चौक-चौराहों से लेकर गली-गलियारों तक गुर्गे बैठाकर, खुलेआम पर्ची कटवाया जा रहा है। वहीं कई स्थानों पर प्रधानमंत्री के डिजिटल इण्डिया कर आधुनिकता को अपनाकर सट्टा माफिया गुर्गों कि मदद से मोबाईल पर ही एक के अस्सी का दांव लगवा रहा है। जिनमें बिजुरी, लोहसरा, भवनिहाटोला, कपिलधारा, माईनस कालोनी और डबल स्टोरी आदि स्थानों पर गुर्गों को बैठाकर, सटोरियों द्वारा खुलेआम सामाजिक बुराई के प्रतीक सट्टा कारोबार को संचालित कर क्षेत्र की कानून-व्यवस्था का माखौल उडा.रहा है।

#### कबाडी भी नहीं पीछे

थाना क्षेत्र में भिन्न-भिन्न अवैध कारोबार जब अपने चर्मोत्कर्ष पर है तो भला स्थानीय कबाड़ी अपने कारनामों को अंजाम देने में चूक कैसे कर सकते हैं। लिहाजा इन कबाड़ियों ने क्षेत्र की बंद पड़ी खदानों के कीमती लौह कलपुर्जों पर हाथ साफ करने के बाद अब बिजली के खम्बे को भी निशाना बनाना प्रारंभ कर दिया है। सोमना कालरी मार्ग पर स्थित कालरी के जितने भी लौह निर्मित खम्बे कालरी प्रशासन द्वारा लगवाया गया था। वह खम्बे इन दिनों कबाड़ माफिया के आय का स्त्रोत बना हुआ है। बीते सप्ताह भर में कबाड़ माफियाओं ने उक्त मार्ग के दर्जनों खम्बों को काटकर अपनी जेबें भरी है और भरा जा रहा है। किन्तु मजाल है उस मार्ग पर बिजुरी पुलिस कि गस्ती वाहन रात में उधर जाकर कबाड़ियों के कार्य में व्यवधान डालने की हिमाकत कर पाए। नतीजतन कबाड़ियों के कारनामे उक्त मार्ग पर अब भी निरंतर जारी है।

#### जनप्रतिनिधि पर टिकी निगाहें

थाना क्षेत्र में हो रहे भिन्न-भिन्न अवैध कारोबार पर प्रशासन के जिम्मेदार विभागीय अमला कार्यवाही करने में पूरी तरह से अक्षम साबित हो चुके हैं। मसलन क्षेत्र के आम नागरिक नवनिर्वाचित विधायक दिलीप जायसवाल कर तरफ टकटकी लगाए हुए हैं कि अवैध कारोबार का गढ़ बन चुके बिजुरी थाना क्षेत्र की बिगडी. कानून-व्यवस्था व बदली हुई दशा पर सुधार लाने में सार्थक कदम उठाएं। जिससे थाना क्षेत्र प्रदेश सरकार के मंशानुरूप कार्य करते हुए क्षेत्र को अवैध कारोबार एवं माफिया मुक्त करने की दिशा में गंभीरता के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें।

## सब्जी उत्पादन एवं नर्सरी प्रबंधन प्रशिक्षण परीक्षा संपन्न




अनूपपुर।

सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान अनूपपुर द्वारा विकासखंड कोतमा की ग्राम पंचायत थानगांव में ग्राम थानगांव एवं कुदरी के प्रोजेक्ट उन्नति एवं स्वसहायता समूह की 35 महिलाओं को सब्जी उत्पादन एवं नर्सरी प्रबंधन का 10 दिवसीय प्रशिक्षण मध्य प्रदेश शासन ग्रामीण आजीविका मिशन के सहयोग से प्रबंधक अजीत नांबियार के मार्गदर्शन में प्रशिक्षक श्रीमती जनक नंदिनी मिश्रा द्वारा दिया गया। ओम प्रकाश चतुर्वेदी परीक्षा नियंत्रक एवं प्रमाणीकरण रुड़सेटी भारत सरकार भोपाल के निर्देशन में सब्जी उत्पादन एवं नर्सरी से संबंधित परीक्षा परीक्षक रामसुख दुबे कटनी एवं बैंक से संबंधित परीक्षा सत्यम सिंह अनूपपुर द्वारा लिखित एवं मौखिक परीक्षा ली गई। परीक्षा में नर्सरी प्रबंधन विभिन्न सब्जियों के बीजों एवं किस्म की जानकारी सब्जियों में लगने वाले कीट एवं रोग उनके नियंत्रण की जानकारी मिट्टी परीक्षण जैविक खाद एवं कीटनाशक मल्चिंग प्लास्टिक मल्चिंग सिंचाई प्रबंधन ड्रिप सिंचाई पाली हाउस सब्जी उत्पादन से लाभ एवं उद्यमशील व्यक्तियों की विशेषताएं बैंकों में विभिन्न प्रकार के खाते तथा बैंकिंग से संबंधित विषयों का मूल्यांकन किया गया। सफल प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किया।



## जिले के पात्र बैगा परिवारों को मिलेगा पक्का आवास

### पीएम जनमन के तहत सर्वेक्षण का कार्य 24 दिसम्बर तक पूर्ण करने का निर्देश

**अनूपपुर।** भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम-जनमन) के तहत देश की 75 विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह (पीवीटीजी) को लक्षित किया गया है। जिसके तहत मध्यप्रदेश के 15 जिलो में जिले में बैगा जनजातियों को समाहित किया गया है। जिसका मुख्य उद्देष्य अति पिछड़ा जनजाति का विकास किया जाना है। जिले के सभी ब्लाकों एवं ग्रामों में पीवीटीजी के समस्त परिवारों का नियमानुसार पात्रता के आधार पर सर्वे की कार्यवाही 24 दिसम्बर तक सुनिश्चित करें। उक्ताशय के निर्देश प्रभारी कलेक्टर तन्मय वशिष्ठ शर्मा ने कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान के संबंध में आयोजित बैठक में दिए। बैठक में जनजातीय कार्य विभाग की सहायक आयुक्त सहित जनपद सीईओ व पंचायत समन्वय अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में पीएम जनमत के तहत सर्वे, पंजीयन के कार्यों को 24 दिसम्बर तक पूरा करने के संबंध में सर्वे दल को प्रत्येक ग्राम में प्रत्येक परिवार में भौतिक रूप से जाकर सर्वे का कार्य सर्वे आवास प्लस एप के माध्यम से करने के संबंध में प्रभारी कलेक्टर तन्मय वशिष्ठ शर्मा द्वारा निर्देश दिए गए। बताया गया कि प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान के अंतर्गत हितग्राहियों को आवास बनाने हेतु 2 लाख रुपये की वित्तीय सहायता के साथ मनरेगा की मजदूरी एवं शौचालय की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

## कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित हुई साप्ताहिक जनसुनवाई



**अनूपपुर।** आम जन की समस्याओं के निवारण के लिए आयोजित की जाने वाली साप्ताहिक जनसुनवाई मंगलवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित हुई। जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर दिलीप कुमार पाण्डेय ने आवेदकों की समस्याओं को सुना तथा उनके आवेदनों पर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की तथा मौके पर निराकरण के संबंध में संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए। जनसुनवाई में 56 आवेदन प्राप्त हुए। जनसुनवाई में आवेदकों द्वारा राजस्व से संबंधित, गरीबी रेखा में नाम जोड़ने, भूमि विवाद के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किए गए।

## जिले में ध्वनि प्रदूषण की जाँच के लिये उड़नदस्ता गठित

### निर्धारित मापदण्ड के अनुरूप ही ध्वनि विस्तारक यंत्रों का किया जा सकेगा उपयोग

अनूपपुर।

प्रभारी कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट तन्मय वशिष्ठ शर्मा ने माननीय सर्वोच्च न्यायालय, माननीय उच्च न्यायालय एवं माननीय राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के दिशा-निर्देशों तथा ध्वनि प्रदूषण(विनियमन और नियंत्रण) नियम 2000 के सम्यक अनुपालन के लिए आदेश जारी किये हैं। प्रभारी कलेक्टर तन्मय वशिष्ठ शर्मा ने आदेश में कहा है कि ध्वनि प्रदूषण(विनियमन और नियंत्रण) नियम 2000 के अनुसार विभिन्न क्षेत्रों जैसे औद्योगिक, वाणिज्यिक, रिहायसी व शांत क्षेत्र में दिन व रात के समय अधिकतम ध्वनि तीव्रता निर्धारित की गई है। जिसमें औद्योगिक क्षेत्र में दिन में 75 और रात में 70 डीबी(ए), वाणिज्यिक क्षेत्र में दिन में 65 और रात में 55, रिहायसी क्षेत्र में दिन में 55 और रात में 45 तथा साईलेंस जोन में दिन मे 50 और रात में 40 डीबी(ए) निर्धारित है। प्रभारी कलेक्टर ने अनूपपुर जिले में ध्वनि प्रदूषण के संबंध में शिकायते प्राप्त होने पर त्वरित जांच कर कार्यवाही निष्पादित करने के लिए अनूपपुर जिले के सभी थाना क्षेत्रों में उड़नदस्तों का गठन किया है। उन्होंने अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी अनूपपुर को गठित उड़नदस्तों का नोडल अधिकारी बनाया है। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि उड़न दस्ता दल नियमित एवं आकस्मिक रूप से निर्धारित उपकरणों के साथ धार्मिक सार्वजनिक स्थानों का औचक निरीक्षण करें, जहाँ ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग होता हो तथा प्राप्त शिकायतों की आकस्मिक जाँच करें तथा नियमों का पालन सुनिश्चित कराया जाए। उड़नदस्तों द्वारा जांच के निर्देश प्राप्त होने पर तत्काल जाँच कर अधिकतम 03 दिवसों के अन्दर समुचित जाँच प्रतिवेदन सम्बन्धित अनुविभाग के अनुविभागीय दण्डाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया जाए। समस्त उड़नदस्तों द्वारा अपनी औचक जाँचों की रिपोर्ट संबंधित क्षेत्र के अनुविभागीय दण्डाधिकारी के समक्ष प्रकरण में आगामी कार्यवाही के लिए प्रेषित की जाए तथा अनुविभागीय दण्डाधिकारी जांच रिपोर्ट पर कार्यवाही कर उसकी मासिक जानकारी नोडल अधिकारी अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी अनूपपुर को दी जाए। इसके साथ ही उपरोक्त उड़नदस्ता दलों द्वारा ऐसे धर्म स्थलों की थानावार सूची बनायी जाए, जहां उक्त नियमों/आदेशों का अनुपालन नहीं होना पाया गया है। प्रभारी कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट तन्मय वशिष्ठ शर्मा ने निर्देश दिए हैं कि जिले के सभी अनुविभागीय दण्डाधिकारी एवं थाना प्रभारी संबंधित धर्म गुरुओं से संवाद व समन्वय के आधार पर अवैध लाउडस्पीकरों को हटवाया जाना तथा निर्धारित डेसिबल का अनुपालन कराया जाना सुनिश्चित करें। ऐसे धर्म स्थलों की थानावार सूची बनाई जाए, जहां उक्त नियमों/आदेशों का अनुपालन होना नहीं पाया गया है।